# यशोदा मैया खोल किवड़िया लालो आयो गैया चराय लिरिक्स

यशोदा मैया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय,
आयो गैया चराय,
सांवरो आयो धेनु चराय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

गऊ गोप गोपाल दाऊ संग,
बंशी मधुर बजाय,
सुन गोपीजन मन हर्षित भई,
चढ़ी अटारी जाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

यशोदा मैया करे आरती,
फूली नाय समाय,
हँस हँस लेत बलैयाँ मैया,
बारबार बली जाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

खिडक खोल कर दीन्ही गैया,
बछड़ा रहे चुखाय,
कारी काजर भोरी कुकर,
पी रहयो दूध दुहाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

दुध दुहाय कहे मनमोहन,
माखन दे मोरी माय,
कद लोई तोहे छाछ मिलेगी,
लाला पीओ दूध अपार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

इतने में एक सखी साँवरी,
तीरथ पहुँची आय,
गोविन्द मोको दूध ना देवे,
गैया रही रम्भाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

सखी साँवरी कहने लागी,
गाय दुहाई ना जाय,
आधो दूध दोहन में नारे,
आधो रह्यो चढ़ाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

सखी साँवरी कहने लागी,
मधुर-मधुर मुस्काय,
सूर श्याम यशोदा के लाला,
नित्य दुहावन जाय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

---

यशोदा मैया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय,
आयो गैया चराय,
सांवरो आयो धेनु चराय,
यशोदा मईया खोल किवड़िया,
लालो आयो गैया चराय।bd।

**Singer / Upload – Mohit Kumar Sharma**
**7222017630**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com